नव भारत
इंदौर 65 वां वर्ष संस्करण



5 तीन राज्यों में ईडी की छापेमारी


6 एकाधिकार से लोकतंत्र पर लगता ग्रहण


7 व्यापार समझौतों से निर्यात को मिलेगा विस्तार


8 वैभव सूर्यवंशी का सुपरनोवा शतक


# विकास के पथ पर 'एमपी' अग्रसर

## दो वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के मौके पर पत्रकार वार्ता में सीएम डॉ. मोहन यादव का दावा

**599 करोड़ रुपए है परियोजना की लागत**

**29 किमी लंबे घाटों का किया जा रहा निर्माण**



**प्रशासनिक संवाददाता**
**भोपाल, 12 दिसंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आश्वस्त किया है कि वर्ष 2028 सिंहस्थ के दौरान क्षिप्रा के जल से ही साधु-संत स्नान करेंगे. उन्होंने कहा कि पहले गंभीर नदी के जल से स्नान होता था, फिर वर्ष 2016 में नर्मदा जी के जल से स्नान कराया, लेकिन अब क्षिप्रा के जल से ही सिंहस्थ में स्नान होगा.**

यह बात उन्होंने बतौर मुख्यमंत्री दो वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के मौके पर आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कही. इस दौरान उन्होंने कहा सिंहस्थ के दौरान पहले हुए पानी के संकट को लेकर अपने अनुभव का जिक्र करते हुए कहा कि पिछले सिंहस्थ के दौरान हमें साधु-संतों ने कहा कि भी यदि नर्मदा जी के जल से ही स्नान करना है तो फिर हम ओंकारेश्वर में ही स्नान कर लेते, उज्जैन क्यों आते. इसी अनुभव के बाद अब क्षिप्रा के जल से स्नान के लिये बड़ी परियोजनाओं का काम हाथ में लिया गया है, जिसके तहह बरसात के पानी को बड़े जलाशय में एकत्रित किया जाएगा और फिर यही पानी क्षिप्रा जी में प्रवाहित होगा.

उन्होंने बताया कि मां क्षिप्रा के शुद्धिकरण के लिये कान्ह डक्ट परियोजना का काम शुरू कर दिया गया है. इस परियोजना की लागत 599 करोड़ रुपये है, इसे समय से पहले पूरा कर लिया जाएगा. अगले सिंहस्थ के दौरान श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए 29 किमी लंबे घाटों का निर्माण किया जा रहा है, यहां 21 बैराजों के निर्माण का काम भी चल रहा है. प्रदेश सरकार की दो वर्षों की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि मप्र ने नदी जोड़ों जैसे असंभव काम को भी संभव कर दिखाया.पहले तो ऐसे लग रहा था कि भगवान जाने ये कैसे होगा?

( शेष पेज 12 पर )

### नक्सलियों के दलों में होड़ मच गई थी कि पहले कौन सरेंडर करे

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में नक्सल समस्या के कारण लायन-आर्डर की स्थिति बनी हुई थी. वर्ष 1985-87 की अवधि में नक्सली मप्र में नया टैरेटरी बनाने लगे थे, उसी समय बालाघाट जिले के सीतापाला के पास बस को रोका और फिर हिंसक वारदात की. इस मामले में पहली एफआईआर हुई. नक्सलियों ने तो कांग्रेस सरकार के समय एक मंत्री की कुल्हाड़ी से हत्या तक कर दी. तब से लेकर अब तक स्थिति अब बदल गई है, मप्र अब नक्सल समस्या से पूरी तरह मुक्त हो गया है. उन्होंने कहा कि मप्र में फॉरेस्ट का एरिया बहुत बड़ा है, ऐसे में 35-40 बचे हुए नक्सलियों को तलाशना आसान नहीं था. नक्सली समस्या को खत्म करने के अभियान के लिये आईपीएस अफसर भी मोटरसाइकिल में घुमे, ये कोई छोटी बात नहीं है, हमारे लिये गर्व की बात है.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र में कपास होता है, लेकिन धागा कहीं और कोयम्बटूर में बन रहा था, अब मप्र के कपास से धागा भी मप्र में ही बनेगा. पीएम मित्र पार्क से प्रदेश में कपड़ा उद्योग को बढ़ाने में बड़ी मदद मिलेगी. हमने मिलों के पुराने विवाद भी सुलझाये. हुकूमचंद मिल का मामला 30-40 वर्षो से लंबित था. हमने 200-300 करोड़ रुपये दिये.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आजादी के बाद से लेकर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने तक महज पांच मेडिकल कॉलेज थे, अब मेडिकल कॉलेजों की श्रंखला बन गई है. उन्होंने एक सवाल के जवाब में स्वीकार किया कि जिस तरह मेडिकल कॉलेज बन रहे हैं, तो वहां स्पोर्टिंग स्टॉफ की कमी है, इसके लिये हम कोशिश कर रहे हैं कि हेल्थ में अब प्रायवेट से भी ज्यादा तनख्वाह दें.



अर्जेंटीना के फुटबॉल दिग्गज भारत आ रहे हैं।

# पुंछ में पकड़े गए 3 आतंकी

**श्रीनगर, 12 दिसंबर. जम्मू-कश्मीर के पुंछ में भारतीय सेना ने शुक्रवार को 3 आतंकियों को पकड़ा है. तीनों आतंकी नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास से घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे.**

सेना के अधिकारियों ने बताया कि गुरुवार देर रात सीमा के पास जंगल में संदिग्ध हलचल दिखी. जवानों ने इलाके क घेराबंदी शुरू कर दी. आतंकवादी भागने की कोशिश करने लगे तो कुछ देर गोलीबारी भी हुई. आखिरी में तीनों आतंकी जिंदा पकड़े गए. उनके पास से एके-47 राइफलें, 3 पिस्तौल समेत विस्फोटक बरामद की है.



## एक नजर में



### वैभव ने यूथ क्रिकेट में बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

अबू धाबी. भारतीय युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने शुक्रवार को दुबई में खेले गए - 19 एशिया कप मैच में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया और एक नया विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया. मात्र 14 साल की उम्र में वैभव ने 95 गेंदों पर 171 रन की विस्फोटक पारी खेली, जिसमें उन्होंने 14 छक्के और 9 चौके जड़े, उनका स्ट्राइक रेट 180 का रहा. अपनी इस तूफानी पारी के साथ ही वैभव सूर्यवंशी यूथ वनडे (19 ओडीआई) में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं. उन्होंने 2008 में ऑस्ट्रेलिया के माइकल हिल द्वारा बनाए गए 12 छक्कों के पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया. वैभव ने मात्र 56 गेंदों में अपना शतक पूरा किया, उनकी इस ऐतिहासिक पारी के दम पर भारत ने यूथ वनडे में अपना अब तक का सबसे बड़ा स्कोर खड़ा किया. टीम ने 433 रन बनाए, जो पिछले साल स्कॉटलैंड के खिलाफ बनाए गए 425 रन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ता है.

### एनआईए ने चार आरोपियों को कोर्ट में किया पेश

नई दिल्ली. दिल्ली में लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास कार में हुए ब्लास्ट मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शुक्रवार को चार आरोपियों को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया. आरोपियों में डॉक्टर मुजम्मिल, डॉ. शाहीन सईद, मुफ्ती इरफान अहमद और आदिल अहमद शामिल हैं. इन सभी चारों आरोपियों को पिछली कस्टडी पूरी होने के बाद अदालत में पेश किया गया. अदालत ने इन सभी चार आरोपियों को 12 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया है. एनआईए ने कोर्ट को बताया कि आरोपी मिलकर एक बड़ी साजिश रच रहे थे. एजेंसी के अनुसार, इस मॉड्यूल का उद्देश्य राजधानी में बड़े स्तर पर अशांति फैलाना और संवेदनशील स्थानों को निशाना बनाना था.

# इंडिगो के चार अधिकारी हुए बर्खास्त

**नई दिल्ली, 12 दिसंबर (वार्ता) नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने इंडिगो संकट मामले में चार फ्लाइट ऑपरेशन्स इंस्पेक्टर (एफओआई) पर कार्रवाई करते हुए उन्हें बर्खास्त कर दिया है. डीजीसीए के 11 दिसंबर को जारी आदेश में कहा गया है कि ये अधिकारी तत्काल प्रभाव से डीजीसीए की सेवा से मुक्त कर दिए हैं और अपने मूल संगठनों में वापस चले जाएंगे.**

जिन अधिकारियों पर कार्रवाई की गई है, उनमें कंसल्टेंट (डिप्टी चीफ एफओआई) ऋषिराज चटर्जी, सीनियर एफओआई सीमा झमनानी, कंसल्टेंट (एफओआई) अनिल कुमार पोखरियाल और कंसल्टेंट (एफओआई) प्रियम कौशिक शामिल हैं. उल्लेखनीय है कि दिसंबर के पहले सप्ताह में हजारों की संख्या में इंडिगो की उड़ानें रद्द की गईं, जिससे लोगों को भारी परेशानी का समाना करना पड़ा है. इसका असर अब तक देखा जा रहा है, क्योंकि सरकार के दूरी के हिसाब से अधिकतम हवाई किराया तय करने के बाद भी टिकट के दाम आसमान छू रहे हैं. सबसे बुरा हाल 05 दिसंबर को रहा जब इंडिगो की 1,500 से अधिक उड़ानें रद्द रहीं.

### इंडिगो को 58.75 करोड़ का कर नोटिस

विमान सेवा कंपनी इंडिगो की मुश्किलें और बढ़ गई हैं, उसे केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) से जुड़े एक मामले में 58.75 करोड़ रुपये का जुर्माना भरने का आदेश दिया गया है. इंडिगो ने शुक्रवार को शेयर बाजार को बताया कि उसे कर विभाग के दक्षिणी दिल्ली कमीशनरेट के अतिरिक्त सीजीएसटी आयुक्त से गुरुवार को यह नोटिस प्राप्त हुआ है. नोटिस में वित्त वर्ष 2020-21 के लिए एयरलाइंस से 58 करोड़ 74 लाख 99 हजार 439 करोड़ रुपए का जुर्माना भरने के लिए कहा गया है. इंडिगो ने बताया कि विभाग ने जीएसटी और जुर्माने की राशि की मांग की है.

# पहली बार डिजिटल माध्यम से होगी जनगणना

**पीएम की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक**
**11 हजार 718.24 करोड़ रुपए हुए मंजूर**

**नई दिल्ली, 12 दिसंबर (वार्ता) सरकार ने बहुप्रतीक्षित जनगणना 2027 के लिए 11 हजार 718.24 करोड़ रुपये के बजट को शुक्रवार को मंजूरी दे दी. इसके मुताबिक एक व्यक्ति की जनगणना पर सरकार के करीब 97 रुपए खर्च होंगे. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई.**



देश के इतिहास में जनगणना पहली बार पूरी तरह से डिजिटल माध्यम से कराई जाएगी. जनगणना प्रक्रिया में देश के हर व्यक्ति तथा प्रत्येक घर के बारे में डिजिटल प्लेटफार्म पर जानकारी एकत्र की जाएगी. सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में जानकारी दी. उन्होंने बताया कि जनगणना दो चरणों में कराई जाएगी, जिसमें पहले चरण में अप्रैल से सितम्बर 2026 तक घरों की सूची और आवासों की गणना की जाएगी और दूसरे चरण में फरवरी 2027 में जनसंख्या की गणना की जाएगी. बर्फबारी से प्रभावित केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख, जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश तथा उत्तराखंड राज्यों में जनगणना सितंबर 2026 में की जाएगी. उन्होंने कहा कि बर्फबारी से प्रभावित क्षेत्रों के लिए जनगणना की तिथि एक अक्टूबर 2026 और शेष देश के लिए एक मार्च 2027 रखी गई है.

### 30 लाख कर्मचारियों की सेवाएं ली जाएंगी

सूचना और प्रसारण मंत्री ने कहा कि जनगणना कार्य के लिए लगभग 30 लाख कर्मचारियों की सेवाएं ली जाएंगी. उन्होंने कहा कि जनगणना की प्रक्रिया में स्वयं गणना का विकल्प भी दिया जाएगा और जनगणना की सभी बारीकियों के बारे में अधिसूचना में विस्तार से विवरण जारी किया जाएगा. जनगणना प्रक्रिया में हर घर में जाकर प्रश्नावली में शामिल सभी सवालों की जानकारी एकत्र करना शामिल है.

# राहुल ने सांसदों के साथ की बैठक

**नई दिल्ली, 12 दिसंबर. लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कांग्रेस के लोकसभा सदस्यों के साथ संसद भवन परिसर में यह बैठक की. यहां उन्होंने वर्तमान शीतकालीन सत्र के दौरान 'वंदे मातरम्' और चुनाव सुधारों पर चर्चा के दौरान पार्टी सांसदों के प्रदर्शन की तारीफ की और कहा कि सरकार अब इन दोनों विषयों पर दबाव में है.**

बैठक में सबसे पहले पूर्व गृह मंत्री शिवराज पाटिल को श्रद्धांजलि भी दी गई. इसके बाद नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सरकार वंदे मातरम् और चुनाव सुधारों के मुद्दों पर दबाव में है तथा हमारे सांसदों ने चर्चा के दौरान अच्छा प्रदर्शन किया. सदन में कांग्रेस के मुख्य सचेतक कोडिकुनिल सुरेश ने कहा, यह नियमित तौर पर होने वाली बैठक थी. नेता प्रतिपक्ष हर सत्र में सांसदों के साथ बैठक करते हैं. कामकाज का मूल्यांकन करते हैं और सांसदों के विचारों को सुनते हैं.



# हम चाहते हैं निष्पक्ष जांच : सुको

- तमिलनाडु के मूल निवासी नहीं होंगे जांच अधिकारी
- करूर भगदड़ में 41 लोगों की हुई थी मौत

**नई दिल्ली, 12 दिसंबर. करूर भगदड़ मामले में सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने 13 अक्टूबर के अपने फैसले को याद किया और अपने निर्देश को बदलने से इनकार कर दिया. अदालत ने निर्देश दोहराते हुए कहा कि सीबीआई जांच की निगरानी करने वाले सुपरवाइजरी कमेटी के सदस्य तमिलनाडु के मूल निवासी नहीं होंगे.**

मामले की सुनवाई जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस विजय बिश्नोई की बेंच ने की. विजय की पार्टी टीवीके की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लुथरा ने सीबीआई जांच के आदेश पर आपत्ति जताई थी, लेकिन कोर्ट ने कोई बदलाव नहीं किया. सुनवाई के दौरान जस्टिस महेश्वरी ने कहा, हम चाहते हैं कि सब कुछ निष्पक्ष हो.

कमेटी का नेतृत्व पूर्व सुप्रीम कोर्ट जज जस्टिस अजय रस्तोगी करेंगे. उन्हें आदेश दिया गया कि वे दो वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी चुनें, जो तामिलनाडु कैडर से हो सकते हैं, लेकिन तमिलनाडु के मूल निवासी नहीं होंगे.बता दें कि तमिलनाडु के करूर में एक्टर विजय की 27 सितंबर को रैली के दौरान भगदड़ मची थी.

# ट्रंप बना रहे नया 'सुपर पॉवर क्लब'

- क्लब में भारत, चीन, रूस और जापान भी होंगे
- जी-7 वाला पुराना नियम अब हो सकता है खत्म


**वॉशिंगटन, 12 दिसंबर. अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक नया और ताकतवर ग्रुप बना रहे हैं. इसका नाम होगा कोर-5 या सी5. इसमें सिर्फ पांच देश होंगे- अमेरिका, भारत, चीन, रूस और जापान. इस नए क्लब में पैसा कमाने या पूरी तरह लोकतंत्र होने की कोई शर्त नहीं होगी.**

सिर्फ असली ताकत देखी जाएगी - बड़ी आबादी, मजबूत सेना और बड़ी अर्थव्यवस्था. इसका मतलब जी-7 वाला पुराना नियम अब खत्म हो सकता है. अमेरिकी के सूत्रों ने इस आशय की खबर दी है.

फिर भी बहुत से विशेषज्ञ मानते हैं कि यह विचार बिल्कुल ट्रंप जैसा है - बड़ी ताकतों को एक टेबल पर बैठाओ, बाकी छोटे-मोटे नियम भूल जाओ. इस ग्रुप की पहली बैठक का एजेंडा मध्य-पूर्व की सुरक्षा, खासकर इजरायल और सऊदी अरब को करीब लाना होगा. भारत के लिए यह बहुत बड़ी बात है, क्योंकि हम 140 करोड़ की जनसंख्या और तेज बढ़ती अर्थव्यवस्था वाले देश हैं. हम इस क्लब में बराबर के पार्टनर होंगे.



**बोले अमित शाह ... यह द्वीप समूह केवल सावरकर नहीं, बल्कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस की स्मृतियों से भी गहराई से जुड़ा है**




# अंडमान सेनानियों की तपोभूमि

**पोर्ट ब्लेयर/नई दिल्ली, 12 दिसंबर. केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि अंडमान-निकोबार केवल एक भौगोलिक क्षेत्र नहीं, बल्कि स्वतंत्रता सेनानियों की तपोभूमि है.**

शाह ने अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के श्री विजयपुरम में आयोजित समारोह में स्वातंत्र्यवीर विनायक दामोदर सावरकर की आदमकद प्रतिमा के अनावरण के अवसर पर यह बात कही। इस अवसर पर श्री शाह के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत भी मौजूद थे. इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री शाह ने कहा कि वीर सावरकर का जीवन मातृभूमि के प्रति निष्ठा, त्याग और राष्ट्रभक्ति का अद्वितीय उदाहरण है और यह वीर सावरकर प्रेरणा पार्क आने वाली पीढ़ियों को उसी भावना से प्रेरित करेगा. श्री शाह ने अपने संबोधन में सेल्युलर जेल (काला पानी) का उल्लेख करते हुए कहा कि आज़ादी से पहले यहां भेजे गए कैदी के लौटने की प्रतीक्षा कोई नहीं करता था. उन्होंने कहा कि आजादी से पहले जिसे काला पानी की सजा मिलती थी, उसके जिंदा वापस आने की कोई कल्पना नहीं करता था. शाह ने कहा कि यह द्वीप समूह केवल सावरकर नहीं, बल्कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस की स्मृतियों से भी गहराई से जुड़ा है.

शाह ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा कि वीर सावरकर का जीवन भारत माता के प्रति अथाह प्रेम और राष्ट्र के लिए प्राण न्योछावर करने की प्रेरणा देता है. उन्होंने कहा कि अंडमान-निकोबार की यह भूमि सावरकर समेत अनेक स्वतंत्रता सेनानियों के अदम्य साहस और बलिदान की साक्षी है और आज उन्हीं स्मृतियों को सम्मानित करने का अवसर प्राप्त हुआ है.

# पुतिन ने पाकिस्तानी पीएम को 40 मिनट कराया इंतजार

- तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोगन के साथ चल रही थी बैठक
- गुस्से में एर्दोगन की मीटिंग में घुस गए शहबाज

**मॉस्को, 12 दिसंबर. तुर्कमेनिस्तान के अश्गाबात में इंटरनेशनल फोरम फोर पीस एंड ट्रस्ट कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस बैठक में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोगन, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ समेत कई देशों के नेताओं ने हिस्सा लिया है.**

हालांकि, इस बैठक में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की बड़ी बेइज्जती होने की खबर सामने आ रही है. रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शहबाज शरीफ को 40 मिनट तक इंतजार कराया है. खबर ये भी सामने आई है कि इंतजार के बाद शहबाज शरीफ बिना बुलावे के उस कमरे में घुस गए, जहां पुतिन तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोगन के साथ बैठक कर रहे थे.

